दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शुक्रवार 19 अप्रैल 2019

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### गौशाला रोड स्थित हनुमान मंदिर में आज भंडारा का आयोजन



दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। दक्षिण मुखी हनुमान समिति के लोगों ने बताया कि हमारे द्वारा प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सुबह हनुमान जी के भक्तों द्वारा मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन करने के बाद भंडारे की शुरूआत की जाती है। इस वर्ष भी 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करें।

### अचानक बदला साउथ बिहार का प्लेटफार्म यात्रियों में मच गई खलबली

**रायगढ़।** दुर्ग से दानापुर चलने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस का रायगढ़ स्टेशन में यात्री इंतजार कर रहे थे। इस बीच विधिवत ट्रेन आने की अनाउसमेंट भी रेल विभाग द्वारा की जा रही थी जिसमें एक नम्बर प्लेटफार्म में आने की सूचना दी जा रही थी, वही अचानक ट्रेन के रायगढ़ स्टेशन आने से 10 मिनट पूर्व रेल विभाग द्वारा अनाउसमेंट करते हुए 3 नम्बर प्लेटफार्म में आने की सूचना यात्रियों को दी गई। यह सूचना सुनकर एक नम्बर प्लेटफार्म में मौजूद यात्रियों में भगदड़ मच गई, आनन - फानन में लोग अपने छोटे छोटे बच्चों को लेकर दौड़ते भागते हुए प्लेटफार्म तीन जाने लगे। जहां किसी तरह तीन नंबर प्लेटफार्म में पहुच कर यात्रियों ने राहत की सांस लिए। इसी तरह साऊथ बिहार ट्रेन के बारे में प्लेटफार्म में लगे ट्रेन डिसप्ले में साउथ बिहार के आने का समय 12.56 दिखा रही थी। और दूसरी और अनाउसमेंट में 1 बजकर 40 मिनट हो रहा था यह भी एक तरह से रेल विभाग की लापरवाही देखने को मिला।

### छात्रावास से 3 छात्राओं के मोबाईल पार, अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**रायगढ़।** महिला प्राचार्य प्यारेलाल खूंटे द्वारा आज आई.टी.आई. के छात्रावास में रहने वाली 3 छात्राओं के मोबाईल के चोरी होने की रिपोर्ट थाना चक्रधरनगर में दर्ज कराया गया है । प्राचार्य ने बताया कि 16 अप्रैल के दरमियानी रात्रि छात्रावास में छात्राएं सोई हुई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति 3 छात्राओं के मोबाईल को चोरी कर ले गया है । तीनों मोबाईल की कीमत लगभग 30,000 रूपये के हैं । चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में धारा 457,380 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है ।

### खड़ी ट्रेलर को पीछे से दूसरे ट्रेलर चालक ने मारा टक्कर, एक की हालत गंभीर

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ट्रेलर के चालक ने तेज एवं लारवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सामने खड़ी एक अन्य ट्रेलर को टक्कर मार दिया। जिससे ट्रेलर में चढ़ रहा चालक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राम कुमार देवांगन पिता स्व. गणेश राम देवांगन (51) बांकी मोंगरा जिला कोरबा का रहने वाला है। उसका स्वयं का ट्रेलर वाहन है।

# शाह ने की रमन की तारीफ और भूपेश पर साधा निशाना

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भूपेश सरकार को घेरा, चुनावी सभा को किया संबोधित

**रायगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार पर हमला करते हुए सरकार बनने के बाद तीन बार कर्ज लेने पर तंग कसते हुए बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने संबंधी वादे को नहीं निभाने पर जमकर घेरा। इतना ही नहीं अपने संबोधन में सरकार बनते ही सीबीआई पर बैन लगाने पर भी डर बताया कि कैसे भूपेश बघेल को सीबीआई से डर लगता है इसलिए सरकार बनते ही सबसे पहला काम सीबीआई पर बैन लगाकर जता दिया कि उनके इरादे क्या हैं।




रामलीला मैदान में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पहुंचे थे और रामलीला मैदान में आयोजित भाजपा की चुनाव रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राहुल गांधी तथा अन्य नेताओं को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इनके बयानों से पाकिस्तान में तालियां बजती है। उन्होंने नक्सली हमलों में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी श्रद्धांजलि देते हुए अपने भाषण की शुरूआत की। संबोधन के दौरान अमित शाह ने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राईक पर भी आम जनता को बताया कि मोदी सरकार आतंकवादियों को उनके ही कृत्य को वैसे ही जवाब देती है जैसे देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस व उसके समर्थक नेता आतंकवादियों के साथ खड़े नजर आते हैं। अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में वेतन बांटने के लाले की बात उठाते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार बनते ही ट्रांसफर उद्योग को बढ़ावा मिला है। भाजपा आतंकवादियों से ईलू-ईलू नहीं बल्कि उनकी भाषा में जवाब देना जानती है और इसके ठीक विपरीत कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आते हैं। अपने घोषणा पत्र में कश्मीर से धारा 370 हटाने के मामले में भी आम जनता को बताया कि घोषणा पत्र में जिस बात का जिक्र है उसके ठीक विपरीत कांग्रेस के घोषणा पत्र देश हित में नहीं है। पुलवामा हमले के मामले में जवानों के तेरहवी के दिन बालाकोट में बम गिराकर उनकी मौत का बदला लिया। अमित शाह ने मोदी सरकार के पांच साल के कार्यों का भी ब्यौरा देते हुए बताया कि गरीब से लेकर किसानों और महिलाओं के लिए सरकार ने वो काम किए जो आने वाले कई सालों तक जनता याद रखेगी।

लेकिन कांग्रेस के 55 साल के कार्यकाल में कोई भी ऐसा काम नही किया जो जन हित का हो।

# खनन माफिया अमृत पटेल की गिरफ्तारी के लिये पुलिस ने की इनाम की घोषणा

**रायगढ़।** अवैध खनन पर कार्रवाई करने गए सहायक कलेक्टर और खनिज विभाग की टीम को जान से मारने का प्रयास करने वाले खनन माफिया अमृत पटेल के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए ईनाम की घोषणा की है। अमृत के अतिरिक्त हरिचरण पटेल और लोकनाथ पटेल के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 5 के तहत पृथक से एफआईआर दर्ज किया गया है। साथ ही अवैध बिजली दोहन मामले में भी प्रकरण दर्ज हो चुका है।

टिमरलगा के कुख्यात खनन माफिया अमृत पटेल को पकड़ने के लिये पुलिस ने पांच हजार के इनाम की घोषणा की हैं पिछले दिनों संयुक्त कलेक्टर मंयक चतुर्वेदी के नेतृत्व में खनिज विभाग ने 6 एकड़ में की जा रही अवैध पत्थर खुदायी की जांच की थी जिसमें दस डम्पर सहित दो पोकलैन व हाईवा जप्त की गयी थी जिससे नराज अमृत पटेल ने जांच दल पर जानलेवा हमला कर दिया था पुलिस ने उसके विरुध्द धारा 186,332,353, 307, 294, 506, 34 भादंवि के तहत मामला पंजीबध्द किया था तभी से अमृत पटेल फरार है जिसको एस.पी. राजेश अग्रवाल ने गंभीरता से लिया और आज उसकी गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा कर दी अमृत पटेल रायगढ़ में कोतरा रोड़ स्थित गंजानंदपुरम का रहने वाला हैं।फरार आरोपियों को पकडाने में पुलिस की मदद करने वाले या किसी प्रकार की सूचना देने वाले ऐसा व्यक्ति जिसकी कोई महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी हो सके, को 5,000 रूपये के पुरूस्कार दिया जायेगा यदि सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जावेगा, सूचनाकर्ता यह जानकारी पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़, थाना प्रभारी सारंगढ़ अथवा पुलिस कन्ट्रोल रूम के मोबाईल नम्बर पर दे सकता है । इनाम के संबंध में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ का निर्णय अंतिम होगा ।

# एबेकस समर कैंप का आयोजन 30 से

**रायगढ़। लक्की चामस् इवेंट कंपनी द्वारा शहर में पहली बार एबेकस समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है यह समर कैंप 30 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा। इस समर कैंप में 6 साल से 13 साल तक के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं।**

समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। परिजन अपने बच्चों को इस समर कैंप में शामिल करने के लिए 25 अप्रैल को शाम तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 15 दिनों तक चलने वाले इस समर कैंप के दौरान बच्चों को अंकगणित के अन्तर्गत जोड़, घटाना, गुणा, भाग, सहित अलग-अलग बेसिक ट्रेनिंग के साथ ही छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं में भी शामिल किया जाएगा।

लक्की चामस् इवेंट कंपनी द्वारा आयोजित एबेकस समर कैंप के दौरान 30 अप्रैल व 1 मई को गौरी शंकर मंदिर चौक स्थित ग्रैंड मॉल में शाम 4 बजे से 7 बजे तक फ्री डेमो क्लास दिया जाएगा। वहीं 2 मई से 15 मई तक एनजीसी गुरू नानक स्कूल के सामने क्लास लिया जाएगा। जिसका समय सुबह 11 बजे से 1 बजे तक रहेगा। वहीं इस समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1500 रू. रखा गया है।

जिसमें बच्चों को एबेकस कीट, किताब व दो दिनों की फ्री डेमो क्लास दिया जाएगी। वही समर कैंप के अंतिम दिन 15 मई को परीक्षा ली जाएगी। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को पुरूस्कार दिया जाएगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480